दिन– सोमवार | दिनांक– 01 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्र के पहले दिन सभी नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ।

02. संसद का शीतकालीन सत्र भी आज से। उन्नीस दिसम्बर तक चलने वाले सत्र में तेरह विधेयक पारित होंगे।

03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – दो दिन से अधिक समय तक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर छोड़ देने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

04. और, पूर्वी क्षेत्र महिला रैंकिंग भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बेगूसराय की शालिनी कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते।

---

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र आज से शुरू हो रहा है। पांच दिवसीय इस सत्र के पहले दिन सभी नवनिर्वाचित दो सौ तैंतालीस सदस्यों को प्रोटेम स्पीकर नरेन्द्र नारायण यादव सदन की सदस्यता की शपथ दिलायेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

सत्र के पहले दिन ही विधानसभा के नये अध्यक्ष के लिए नामांकन होगा। इसके बाद कल अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां तीन दिसम्बर को विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करेंगे। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को दोनों सदनों में द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किये जायेंगे। इसके बाद विनियोग विधेयक पेश किया होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉक्टर सविता पारीक।

इधर, सत्र के दौरान विधानसभा भवन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार ने विधानसभा के आस–पास किसी तरह के प्रदर्शन, जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

---

अठारहवीं बिहार विधानसभा की कार्यवाही में इस बार नई पहल की जा रही है। इस सत्र से सदन को पूरी तरह पेपरलेस बनाया गया है। इसके लिए विधायकों को टैबलेट उपलब्ध कराये गए हैं। इसके माध्यम से वे प्रश्न और पूरक प्रश्न पूछ सकते है। विधानसभा अध्यक्ष भी टैबलेट के माध्यम से ही सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे।

---

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सत्र के दौरान उन्नीस दिनों की अवधि में कुल पन्द्रह बैठकें होंगी।

———रिपोर्ट———

इससे पहले, सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की और इसमें 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमानुसार, सदन में किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सड़क किनारे लापरवाही से चार पहिया वाहनों को खड़ा करके छोड़ देने वाले वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से श्री कुमार ने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये हैं। निर्देश के अनुसार सड़क किनारे दो दिन या उससे अधिक समय तक चार पहिया वाहन के खड़े रहने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

---

रेलवे और भारतीय स्टेट बैंक ने आज से उपभोक्ताओं के लिए अपनी सेवाओं के नियमों में बदलाव किये हैं। रेलवे ने तत्काल टिकटों की बुकिंग में बदलाव किया है। आज से टिकट बुक करते समय ओटीपी से ही कुछ विशेष ट्रेनों में टिकट बुक हो सकेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुम्बई सेन्ट्रल–अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में आज से यह व्यवस्था लागू हो गयी है। बुकिंग के समय पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करने के बाद ही टिकट जारी होगा।

भारतीय स्टेट बैंक ने आज से एटीएम के निकासी शुल्क में वृद्धि की है। एसबीआई ने कहा है कि वेतन खाताधारकों के लिए प्रति माह केवल दस एटीएम लेन–देन मुफ्त होंगे। इसके बाद तेईस रूपये प्रति लेन–देन लगेंगे जबकि गैर वित्तीय लेन–देन पर ग्यारह रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है। नये नियम के अनुसार अन्य बचत खाताधारकों को पांच मुफ्त लेन–देन दिये गये हैं। इसके बाद सभी निकासी पर तेईस रूपये देने होंगे।

---

आज गीता जयंती मनाई जा रही है। यह दिन उस पल की याद दिलाता है जब भगवान श्री कृष्ण ने पांच हजार वर्ष से भी पहले कुरुक्षेत्र के रण में अर्जुन को भगवद गीता का कालजयी उपदेश दिया था। गीता जयंती भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए सार्वभौमिक ज्ञान की याद दिलाता है, जो लाखों लोगों को उनके आध्यात्मिक और दैनिक जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है। कल आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया भर के लोग गीता से प्रेरित हो

रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप और मध्य एशिया सहित दुनिया भर के कई देशों के लोगों ने हाल ही में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हिस्सा लिया।

———बाईट———

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी। इनमें पूर्वी चम्पारण जिले में पिपराकोठी–गोपालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग सत्ताईस पर एक ट्रक की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक गम्भीर रूप से घायल है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त किया है। वहीं, अरवल जिले के मेहंदिया क्षेत्र अन्तर्गत सोहसा मैनपुरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गयी। इधर, पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरारी गुमटी के पास ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक बिहटा थाना क्षेत्र के विशनपुरा के निवासी थे।

---

आज विश्व एड्स दिवस है। एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्‌देश्य से प्रतिवर्ष एक दिसम्बर को यह दिन मनाया जाता है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के साथ खड़े होने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एचआईवी की रोकथाम, उपचार, देखभाल के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, प्रदेश में भी एड्स के प्रति जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की बाईस तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में पेश है देश के कपड़ा क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

---

बोधगया के महाबोधि मंदिर परिसर में कल से 20वें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह का आयोजन किया जायेगा। आयोजन के दौरान पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे

सत्ताईस देशों के बौद्ध भिक्षु और श्रृद्धालु त्रिपिटक का संयुक्त पाठ करेंगे। आयोजन बारह दिसंबर तक चलेगा।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम हवा का प्रभाव बढ़ने से न्यूनतम तापमान में और कमी होने की सम्भावना है। वहीं, कई स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा भी छाया रहेगा। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

---

कोलकाता में सम्पन्न पूर्वी क्षेत्र महिला रैंकिंग भारत्तोलन प्रतियोगिता में बेगूसराय की शालिनी कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। शालिनी ने छियासी किलोग्राम भार वर्ग के स्नैच स्पर्धा में अस्सी किलो और क्लीन एडं जर्क में एक सौ चार किलोग्राम सहित एक सौ चौरासी किलो ग्राम भार उठाकर जूनियर और सीनियर दोनों श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में बिहार ने चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

भागलपुर में आयोजित चौदहवीं बिहार इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में पटना की टीम ने ओवरऑल खिताब पर कब्जा जमाया है। बालक वर्ग अंडर इलेवन का खिताब पटना के देवांश केसरी जबकि अडंर फिफ्टिन का खिताब  अव्यय शर्मा ने जीता। वहीं, बालिका वर्ग में अंकिता राज, अभिश्री दीपू और श्रेया राज चैंपियन बनी है।

---

तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सत्रह रन से हरा दिया। रांची में खेले गये मुकाबले में तीन सौ पचास रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम आखिरी ओवर में तीन सौ बत्तीस रन पर ऑल आउट हो गई। भारत की ओर से विराट कोहली ने एक सौ बीस गेंद में एक सौ पैंतीस रन की शानदार पारी खेली। इस मैच में 52वां एकदिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय शतक लगाने के साथ ही कोहली एक दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में एक – शून्य से बढत बना ली है।

---

पश्चिम चम्पारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के माधोपुर ग्रीन प्लांट के पास पुलिस ने बीस किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ चरस के साथ एक महिला सहित चार

तस्करों को गिरफ्तार किया है। बेतिया सदर के एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि जब्त चरस का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य दो करोड़ रूपये से अधिक है।

---

राजधानी पटना में आज से अतिक्रमण हटाने के लिये विशेष अभियान की शुरूआत हो रही है। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के लिये नौ टीमों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम ने बताया कि शहर की मुख्य सडकों से अतिक्रमण हटाने के साथ ही अवैध व्यावसायिक गतिविधि करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अठारहवीं बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक आज लेंगे शपथ।

दैनिक जागरण लिखता है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोनपुर मेले का किया दौरा।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– कॉलेजों में जिन विषयों में ग्रेजुएशन की पढ़ाई, उनमें अब पीजी कोर्स भी चलेंगे। अखबार लिखता है– प्राध्यापकों के पदों पर बहाली भी।

प्रभात खबर का शीर्षक है– नौ सौ करोड़ रूपये से चमकेंगे, पाटलिपुर, दानापुर, आरा और बक्सर स्टेशन।

आज अखबार लिखता है– सूबे के सभी संस्कृत स्कूलों में गीता जयंती अनिवार्य।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी पर नया केस दर्ज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्र के पहले दिन सभी नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ।

02. संसद का शीतकालीन सत्र भी आज से। उन्नीस दिसम्बर तक चलने वाले सत्र में तेरह विधेयक पारित होंगे।

03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – दो दिन से अधिक समय तक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर छोड़ देने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

04. और, पूर्वी क्षेत्र महिला रैंकिंग भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बेगूसराय की शालिनी कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।